## संक्षिप्त

### डॉ विजय कार्यवाहक निदेशक नियुक्त

**भरतपुर** (निस)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, सेवर, भरतपुर के कार्यवाहक निदेशक के रूप में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय वीर सिंह को नियुक्त किया गया है। डॉ विजय वीर सिंह पिछले 18 वर्षों से अधिक समय से संस्थान में कार्यरत हैं तथा राई-सरसों के अनुसंधान एवं विकास में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं। वे संस्थान की फसल सुधार इकाई के प्रमुख रहने के साथ-साथ अखिल भारतीय समन्वित राई-सरसों अनुसंधान परियोजना के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में भी सफलतापूर्वक दायित्व निभा चुके हैं। डॉ सिंह ने अपने नेतृत्व में कई उन्नत किस्मों के विकास एवं बहुप्रभावी अनुसंधान कार्यों के माध्यम से सरसों उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संस्थान के भूतपूर्व निदेशक डॉ पीके राय के स्थान पर कार्यभार संभालते हुए डॉ. विजय वीर सिंह अब संस्थान का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

### ओवरलोड वाहनों से परेशानी

**भुसावर** (निस)। कस्बा भुसावर के घाटरी कारवान क्रेशर जोन से खनन सामग्री लेकर निकलने वाले ओवरलोड वाहन चालकों की मनमानी से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वहीं कई बार क्षेत्र में जाम की समस्या भी पैदा हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार घाटरी कारवान क्रेशर जोन में संचालित क्रेशरों से खनन सामग्री भरकर आने वाले वाहन चालकों की स्पीड आबादी क्षेत्र में तेज होती जा रही है। ये वाहन चालक आबादी में भी तेज रफ्तार में अपने वाहनों को लेकर निकल रहे हैं। जिससे भविष्य में बडा हादसा होने का अंदेशा लगा हुआ है। वहीं क्षेत्र के विभिनन मार्गो पर जाम की समस्या भी पैदा आये दिन हो रही है। जिस पर कार्रवाही करने को लेकर मांग की गई हैं।

### 'एकजुट करने का करेंगे प्रयास'

**भरतपुर** (निस)। जिला जाटव महासभा समिति की चुनाव प्रबन्ध कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2025-27 के लिये अध्यक्ष पद के चुनाव के 1 दिसम्बर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक सदस्यता अभियान चलाया गया था। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी सेनि सूबेदार पूरन सिंह एवं सहायक चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र कुमार एडवोकेट, हरीसिंह बाबू की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कर दी गई। मुख्य चुनाव अधिकारी सेनि सूबेदार पूरन सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिये 1 मार्च को प्रातः 9 से 11 बजे तक नामांकन फार्म वितरित किये तथा 2 मार्च को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक नामांकन फार्म जमा किये गये। तत्पश्चात् जांच पडताल के बाद एक प्रत्याशी बाबा हरदेव सिंह पूर्व प्रधानाध्यापक जिनका एक मात्र नामांकन जमा हुआ था, जिनको निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। इस मौके पर जाटव समाज के सैंकड़ों लोग उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से निवर्तमान अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कैन, बृजलाल जाटव, महन्त मन्नू दास महाराज, हरीसिंह गादौली, रूप सिंह कैन, हीरादास थानेदार, जग्गो सिंह थानेदार, रामखिलाडी मास्टर, सूबेदार मांगीलाल, रामनिवास, से.नि. गिरदावर पूरन, अंजेश कुमार, राजेश मुद्रा, तेजसिंह, अमर चन्द, अनूप सिंह, भंवर सिंह टेलर, जितेन्द्र सिकरवार, रवि शेखर, पप्पे, विनोद कुमार, महेश बराखुर, मदनगोपाल कैन, अमरनाथ कैन, दिगम्बर सिंह, जग्गो, किशोर कुमार, प्रिंस, फूलसिंह, हिमांशु, रवि, अजीत सिंह कैन, ओंकार सिंह, विहान, पोखन सिंह आदि उपस्थित थे।

### सफ़ाई कमर्चारियों की बड़ी लाफरवाही

**भरतपुर** (निस)। सुभाष नगर में रघु आटा चक्की के पास नगर निगम के सफ़ाई कमर्चारियों की बड़ी लाफरवाही देखने को मिली। सफ़ाई कमर्चारियों ने नाली की सफाई तो कर दी, परन्तु सफ़ाई करने के बाद नाली के ऊपर जाल को नहीं लगाया। जिसको लेकर संस्कृत महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन सिंह चाहर ने कहा कि ऐसे में लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। लोग ऊपर होकर अपने घर जा रहे, एवं दोपहिया वाले लोग उतर के जा रहे। चाहर ने कहा कि सफ़ाई कमर्चारियों को ऐसी लापवाही नहीं करनी चाहिए।

# डॉ गर्ग ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत का

■ **शहरी क्षेत्र के तिलक नगर तथा बहनेरा, नगला पिचूमरिया, नगला कसौट, नगला खुश्याल और बछामदी, नगला गुलाबी आदि गांवों का दौरा किया।**

**भरतपुर** (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग रविवार को एक दिवसीय दौरे पर रहे। डॉ. गर्ग ने शहरी एवं ठाामीण क्षेत्रों में पहुंचकर विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की। डॉ. गर्ग ने खैमरा से बछामदी तक की निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने और गुणवत्ता बनाए रखने के अभियंता को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कों से लोगों की आवाजाही आसान होगी। डॉ गर्ग ने दौरे के दौरान शहरी क्षेत्र के तिलक नगर तथा बहनेरा, नगला पिचूमरिया, नगला कसौट, नगला खुश्याल और बछामदी, नगला गुलाबी आदि गांवों का दौरा किया। इन गांवों में उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी परेशानियों को जाना। डॉ गर्ग ने गांव भांडौर में ठाामीणों की बिजली सम्बन्धित समस्या को देखते हुये विद्युत विभाग के अभियन्ता को निर्देश दिये कि गांव में बिजली सप्लाई को सुचारू रूप से चालू रखें। ठाामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए डॉ सुभाष गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी परेशानियों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ सुभाष गर्ग ने दौरे के दौरान रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर भी जन सुनवाई की। इस मौके पर ठाामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये।

मुआवजा देने की मांग : भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने जिला कलेक्टर से कल भरतपुर जिले में ओलावृष्टि से किसानों की फसल को हुए भारी नुकसान की तुरंत गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। ज्ञात रहे कल रूपवास, हलेना, बयाना, वैर सहित जिले के कई ठाामीण क्षेत्रों में शाम को बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। जिनसे खेतों में खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है तथा क्षेत्र के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई है। कांठोस जिला अध्यक्ष सूपा ने कहा कि हालांकि कल भरतपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उचित गिरदावरी के आदेश दिए। लेकिन सूपा ने जिला कलेक्टर से ओलावृष्टि से किसानों के हुए भारी नुकसान पर गौर फरमाते हुए शीघ्रताशीघ्र गिरदावरी शुरू करवाने एवं यथासंभव उचित मुआवजा देने की मांग की है। मांग करने वालों में जिला अध्यक्ष के अलावा साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान, जगदीश बंजी, राजीव कुम्हेर, श्रीभगवान कटारा, मनोज शर्मा, रामेश्वर सैनी, रमेश पाठक, दयाचंद पचौरी, दीनदयाल जाटव, योगेश सिंघल, रमेश धावई, राजेंद्र सारस्वत,रामबाबू धाकड़, विष्णुदत्त शर्मा, हरस्वरूप सरपंच, ज्ञानेश शर्मा, चंद्रकेश राजावत, लक्ष्मण केन, अशोक फौजदार, सौरभ सोलंकी, सुरेश पदयात्री, लाखन हिंगोली, भरत गादोली, अशोक तांबी, विष्णु गुप्ता, सीए अतुल मित्तल, रेनू गौरावर, अजयपाल दारापुरिया, दिगम्बर खटाना, प्रेम प्रजापत, अवधेश शर्मा, गंगाराम पाराशर, शहीद खान, शुभम सैनी, हरभान सरपंच, चंद्रभान फौजदार, बृजेश सेवादल सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ियों से शिष्टाचार भेंट का

**भरतपुर** (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भरतपुर आगमन पर किला स्थित जयशंकर टाईगर शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय स्तरीय खिलाडियों से शिष्टाचार भेंट कर हौसला अफजाई की एवं राजस्थान के कम उम्र के साउथ कोरिया ओलंपिक खेल ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट प्राप्त खिलाड़ी लिटिल टाईगर्स ऐश्वर्य शर्मा द्वितीय पुम ब्लैक बेल्ट एवं राम्या शर्मा प्रथम पुम ब्लैक बेल्ट का उत्साहवर्धन कर खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। भरतपुर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने कहा कि खेल मूल रूप से जीवन का एक महत्वपुर्ण हिस्सा हैं। ये प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक अहम् भूमिका निभाता है। इस मौके पर भरतपुर उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, वरिष्ठ कुंगफू चौंपियन पवन पाराशर, वरिष्ठ जूडो चौंपियन पोहप सिंह जादौन, कराते चौंपियन नेहा शर्मा, नेशनल यूनिवर्सिटी चौंपियन लवली माहोर, दीक्षा सिंह, राहुल जाटव आदि अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

## गंगापुर सिटी में मोटे अनाज को बढ़ावा देने की पहल

■ **जिला स्तरीय कार्यशाला में श्रीअन्न के फायदों पर चर्चा**

**गंगापुर सिटी**। खाद्य पोषण एवं सुरक्षा तथा पौष्टिक अनाज योजना के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर और सभापति शिवरतन अग्रवाल ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बताया कि भारत सरकार ने 2०23 को मिलेट्स ईयर के रूप में मनाया है। प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज को श्रीअन्न की उपाधि दी है। उन्होंने किसानों से भोजन में मिलेट्स को शामिल करने का आग्रह किया। गुर्जर ने यह भी बताया कि राजस्थान सरकार ने क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने किसानों को सिर्फ उत्पादन नहीं, बल्कि विपणन पर भी ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से समन्वय का आश्वासन दिया। सहायक निदेशक कृषि विस्तार गोपाल लाल शर्मा ने मिलेट्स के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये ग्लूटन-फ्री सुपरफूड है। इनमें विटामिन, मिनरल्स, फाइबर, आयरन और प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। सहायक कृषि अधिकारी पिन्टू लाल मीना ने मिलेट्स के विभिन्न प्रकारों की जानकारी दी। इनमें ज्वार, बाजरा, रागी, कोदरा, कुटकी, कंगनी, चेना, कुलथी, जंगोरा और रामदाना शामिल है। कृषि अधिकारी अनुपम गोयल ने बताया कि मिलेट्स की खेती आसान है। ये फसलें कम समय में तैयार हो जाती हैं और सूखे की स्थिति में भी अच्छी पैदावार देती हैं। विजय शर्मा ने बताया मिलेट्स की रोटी, खिचडी, पुलाव, इडली, उपमा, डेसर्ट्स और सूप बनाकर खा सकते हैं। सहायक कृषि अधिकारी भगवंत ने बताया कि किसानों को बाजरे के लड्डू और अन्य उत्पाद बनाने पर 35 प्रतिशत तक अनुदान मंडी समिति की ओर से देय है। सहायक कृषि अधिकारी टोडाभीम राम मीना ने किसानों को बताया कि आप जैविक खेती को अपनाए जैविक खेती के जुडी महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को प्रदान की। कृषि पर्यवेक्षक मनसिंह ने पद के माध्यम से किसानों को मोटे अनाज का महत्व समझाया। इस मौके पर सहायक कृषि अधिकारी छुट्टन लाल, अमृतलाल ब्रजलाल, सियाराम, रामविश्वास, अमित मीना, कृषि पर्यवेक्षक प्रकाशी गुर्जर, मनोज मीना सहित कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## ड्यूटी जॉइनिंग की सालगिरह मनाई

■ **सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी भंवर सिंह शेखावत व पूरन सिंह भाटी के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**भरतपुर** (निस)। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी जॉइनिंग की सालगिरह मनाई। जोधपुर के ओसिया स्थित डेजर्ट रिजॉर्ट में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। वर्ष 1983 में पुलिस उपनिरीक्षक पद पर सभी अधिकारियों ने ड्यूटी जॉइन की थी। सभी उपनिरीक्षक एडिशनल एसपी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी भंवर सिंह शेखावत व पूरन सिंह भाटी के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों के दल ने कई मंदिरों में दर्शन कर देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की। तब की पुलिस और अब की पुलिस विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए। रिटायर्ड एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह कविया, रघुराज सिंह शेखावत, हजारीलाल मीणा,रिछपाल जाखड़ आदि मौजूद रहे।

## कैलादेवी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**करौली**। कैलादेवी के लक्खी मेले मे सड़क, पानी, बिजली,सफाई कि व्यवस्था दुरूस्त एवं मास,मदिरा पर प्रतिबंध लगाने कि मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

उत्तर भारत का प्रसिद्ध लक्खी मेला आस्था धाम कैलादेवी में आगामी 27 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है। यह मेला उत्तर भारत का मिनी कुम्भ माना गया है भाजपा नेता भागवत व्यास गोपेश शास्त्री ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर कैलादेवी रोड को ठीक करने,पैदल यात्रियों को रात्रि विश्राम,सुलभ शौचालय,प्रकाश कि समुचित व्यवस्था एवं सफाई की मांग करते हुए निवेदन किया है कि मेले क्षेत्र में शराब एव मास कि बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाये गोपेश शर्मा ने पत्र के माध्यम से बताया कि गंगापुर मोड़ से केलादेवी तक पूरी सड़क क्षितठास्त है जिससे आम जनता एव तीर्थ यात्रीयो के साथ दुर्घटना होने एवं चक्काजाम के कारण यातायात बाधित रहने कि संभावना रहेगी उन्होने बताया कि रात्रि में यात्रा मार्ग पर अंधेरा पसरा रहता है जिससे अप्रिय घटना जन्म लेती है मदिरा और मास कि बिक्री धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाती है बही असमाजिक तत्व सक्रिय होकर मेले कि व्यबस्था को तार तार करते है। यह मेला सनातनियो कि आस्था का महाकुम्भ है जिसकी चर्चा सम्पूर्ण भारत मे होती है अतः मेले में तुरन्त प्रभाव से उक्त व्यवस्थाओ को दुरस्त कर राजस्थान सरकार कि छबि और हिन्दुओ कि भावनाओ को प्रगाढ़ करे।

## मंदिर मे रास लीलाओ का हुआ आयोजन

**करौली**। करौली के अराध्य देव श्रीमदन मोहन जी महाराज के मंदिर में वृंदावन के प्रसिद्ध रास मंडल द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। कार्यक्रम अपने जमाने के प्रसिद्ध शिक्षाविद मास्टर छुट्टन लाल सारस्वत और उनकी पत्नी श्रीमती कृष्ण प्यारी सारस्वत निवासी चैबेपाड़ा करौली की पुण्य स्मृति में उनके परिवार द्वारा कराया जा रहा है यह कार्यक्रम आज सोमवार तक चलेगा पहले दिन के कार्यक्रम मे केवट लीला और भगवान ने माटी खाई इन दोनों लीलाओं का मंचन हुआ भगवान का महारास आयोजित किया गया मंडल द्वारा प्रस्तुत लीलाओं का सभी लोगों ने आनंद लिया वही रविवार को रासलीला में मयूर नृत्य, महारास भगवान कि झांकी और मीरा चरित्र का मंचन किया गया ।

## स्वाभिमान ट्रस्ट की बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पंतजलि योग समिति भरतपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक मुख्य संयोजक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरीसिंह कुन्तल के नेतृत्व में भगत सिंह मॉर्डन माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर में प्रातः 10 बजे आयोजित की गई। मुख्य संयोजक कुन्तल ने बताया कि बैठक में योग कक्षाओं का विस्तार करने एवं बंद योग क्लासों को चालू करवाने, भारतीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हेतु विभिन्न स्कूलों से सम्पर्क, संवाद करने, तहसीलों की कार्यकारिणी का पुर्नगठन करने, स्वामी परमार्थ देव मुख्य केन्द्रीय प्रभारी हरिद्वार का 27 एवं 28 अप्रेल को भरतपुर में प्रवास की तैयारी, बावत सक्रियता से चर्चा करने, सह योग शिक्षकों के शिविर हेतु तहसीलों में सम्पर्क करने तथा पांच दिवसीय विशेष योग शिविरों का आयोजन करने आदि विषयों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाकर संकल्प करवाया गया। बैठक में पंतजलि योग समिति सह जिला प्रभारी डॉ सतीश पाराशर, भारत स्वाभिमान सह प्रभारी उत्तम सिंह, पंतजलि किसान जिला प्रभारी ओमवीर सिंह, जलसिंह फौजदार, कोषाध्यक्ष भूपसिंह, कार्यकारिणी सदस्य चन्दर सिंह, शिवदत्त तेनगुरिया, राजवीर सिंह, प्रेमसिंह वर्मा योग शिक्षक, पुरूषोत्तम चावला, सतीश पालीवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हिंडौन सिटी**। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा महवा मार्ग पर महू की गंभीर नदी के पुल के पास शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे हुआ। महू चौकी प्रभारी महेश चंद ने बताया कि महवा मार्ग पर एक स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मारदी। हादसे में बाइक सवार महू निवासी बलवीर सिंह सोलंकी (56) की मौत हो गई। बलवीर सिंह पूर्व जिला परिषद सदस्य थे। बलवीर सिंह सरसों की कटाई के लिए थ्रेसर मशीन लेने महू से घोंसला की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान महवा की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो ने गंभीर नदी के पुल के पास रात करीब 8:30 बजे उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# मांगों को लेकर अधिवक्ताओं का 9 वें दिन भी धरना जारी रहा

■ **उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की एक दशक पुरानी मांग**

**रूपवास**। कस्बे के मेला मैदान के पास स्थित न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं द्वारा दिया जा रहा धरना 9 वें दिन भी जारी रहा। यह धरना संघर्ष समिति अध्यक्ष संतोष बंसल अधिवक्ता के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर दिया जा रहा है। उपखंड मुख्यालय पर वर्ष 1993 से सिविल न्यायाधीश कनिष्ठ खंड व 1996 से अतिरिक्त सिविल कोर्ट संचालित चला आ रहा है। वर्ष 2000 से अभिभाषक संघ रूपवास के अधिवक्ताओं की अनवरत रूप से मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित करने की मांग चली आ रही है। समय-समय पर अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश व मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से मुख्यालय पर इन कोर्ट की स्थापना कराने की मांग करने पर भी किसी भी सरकार द्वारा कोई सुनवाई नहीं की तथा वकील व पक्षकारों के अलावा क्षेत्र के आमजन को 24 वर्ष का समय निकल जाने के बाद भी केवल नेताओं के थोथे आश्वासन के अलावा कुछ हाथ नहीं लगा है। अभिभाषक संघ रूपवास का अनवरत प्रयास आज भी जारी है। अधिवक्ता आज भी मौजूदा सरकार से आश लगाए धरना पर बैठे हुए हैं। अभिभाषक संघ रूपवास के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर ने बताया कि रूपवास उपखंड मुख्यालय पर गत 31 वर्ष से अधिक समय से सिविल कोर्ट व अतिरिक्त सिविल कोर्ट संचालित चले आ रहे हैं तथा इन न्यायालयों से होने वाले निर्णय की अपील सहित अन्य मामलों की सुनवाई व विचाराधीन मामलों पैरवी करने के लिए 40 किलोमीटर दूर बयाना एडीजे व एसीजेएम कोर्ट में पैरवी करने जाना पड़ता है। जिससे अधिवक्ताओं व पक्षकारों को गत दो दशक से अधिक समय से समय व आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। पाराशर ने बताया कि बयाना में संचालित एडीजे संख्या 2 में केवल रूपवास उपखंड क्षेत्र के विचाराधीन मामलों में सुनवाई होती है इसलिए इस कोर्ट का संचालन रूपवास होना चाहिए था। अधिवक्ताओं ने संघर्ष कर एडीजे केम्प कोर्ट संचालित करवाया जिसे भी एक दशक से अधिक समय हो गया। रूपवास को छोडकर बाकी सभी उपखंड मुख्यालय पर एडीजे स्थाई कोर्ट,एसीजेएम कोर्ट स्थापित हो चुके हैं जिनमें मुख्य रूप से वैर, कुम्हेर, नदबई,डीग, कामां आदि है जबकि रूपवास की मांग भी काफी पुरानी है लेकिन राजनैतिक पकड़ कम होने की वजह से मुख्यालय पर इन कोर्ट की स्थापना नहीं हो सकी है। अधिवक्ताओं द्वारा मुख्यालय पर चलाया जा रहा अभियान क्षेत्र के आमजन के हित में है इसलिए क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के लोग अधिवक्ताओं की हौसला अफजाई के लिए धरना स्थल पर पहुंचकर सरकार से शीघ्र ही निराकरण की मांग करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अधिवक्ताओं की जायज मांगों को लेकर अपना अपना समर्थन दिया है। शनिवार को इसी क्रम में राजपूत विकास एवं कल्याण संस्थान रूपवास ने भी अपना समर्थन अधिवक्ताओं को दिया है।

# किसानों को सिखाया बागवानी ज्ञान

■ **जीआरसी पर किसान कार्यशाला आयोजित**

**उच्चेन भरतपुर** (निस)। कृषि उद्यान विभाग एव एकल ठाामोत्थान फाउण्डेशन के द्वारा उपखण्ड क्षेत्र के गांव खरैरा जीआरसी पर रविवार को कृषक व बागवानी कृषक कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें उपखण्ड क्षेत्र के दो दर्जन गांवों के किसान तथा बागवानी कृषको ने भाग ले प्राकृतिक खेती और बागवानी के क्षेत्र की जानकारी ली। पशु, कृषि, उद्यान विभाग, एकल ठाामोत्थान फाउण्डेशन के कृषि, पशु, उद्यान विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती, कृषि और बागवानी की पैदावार, उन्नत किस्म के बीज, बाजार, आधुनिक कृषि यन्त्र और उनके रख रखाब व उपयोग करने की जानकारी दी तथा प्राकृतिक खेती, गोपालन, दुग्ध डेयरी, भंडारण, अनाज एव फल और सरकार की लाभकारी योजना का ज्ञान दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि बागवानी से पर्यावरण के साथ ही आर्थिक लाभ प्राप्त होता हैं। हमें खेती के साथ ही बागवानी करने में भी रुचि रखनी होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार बागवानी क्षेत्र में किसानों का विशेष ध्यान रख रही है। साथ ही बागवानी को बढ़ावा देने को अनेक लाभकारी योजनाएं भी चला रखी है। जिन योजनाओ का सभी लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि भरतपुर-डीग जिले के अनेक गांव की पहचान बागवानी के क्षेत्र में देश-विदेश में कायम है। भरतपुर संभाग के फल, सब्जी, मसाले, तिलहन व दलहन की सर्वाधिक मांग देश के अनेक राज्यों से आती है और कई देश यहां के फल मसाले सरसों तेल को खाना बेहद पसंद करते हैं। जिसका मुख्य कारण यहां की जलवायु मीठा पानी मिट्टी आदि है। कृषि कॉलेज भुसावर के डीन डॉक्टर उदयभानसिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती तथा बागवानी के क्षेत्र में लोग अब विशेष ध्यान देने लगे हैं क्योंकि प्राकृतिक खेती व जैविक खेती के आधार पर उगाई जा रही सब्जी, अनाज, बागवानी के फल आदि की मांग लोगों की अधिक है। जिसका मुख्य कारण लोग एव स्वास्थ्य स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

कृषक कार्यशाला से प्राकृतिक खेती व बागवानी, उन्नत किस्म पशुपालन करने का संकल्प अवश्य लें। डीन डॉ उदयभान सिंह ने कहा कि क्षमता से अधिक रासायनिक खाद कीटनाशक दवा आदि का उपयोग करना फसल की लिये हानिकारक है और मानव, पक्षी व पशु जीवन स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। पशु पालन विभाग के सेवानिवृत सयुक्त निदेशक डॉ सुरेश गुप्ता ने कहा कि गौपालन, उन्नत किस्म के दुधारु और पालतू पशु पालन से अनेक लाभ हैं। इस प्रकार कार्य से परिवार की आर्थिक स्थिति मे सुधार आता है।साथ ही आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एकल ठाामोत्थान फाउण्डेशन के अध्यक्ष सुरेश बंसल ने कहा कि गौपालन, प्राकृतिक एव जैविक खेती और बागवानी के प्रति क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें समय समय पर कृषि उद्यान विभाग और सरकार तथा एकल ठाामोत्थान फाउंडेशन की योजना की जानकारी देने के लिए कार्यशाला आयोजित की जाती है। जिनका किसान और पशुपालक लाभ उठा रहे हैं। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि रिखब मित्तल, सत्यप्रकाश बंसल मित्तल कमलेश चौधरी, अनुपम सोनी, प्रगतिशील किसान हरभान सिंह परमार रहे। जीआरसी ख़रैरा प्रबंधक कमलेश चौधरी ने कृषि बागवानी गोपालन आदि की विस्तार से जानकारियां दी और गौशाला पर संचालित हो रही सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## 5 मार्च को जायेगी करणपुर धाम बसयात्रा

**गंगापुर सिटी**। मां गुमानो बीजासनी देवी सेवा समिति के तत्वावधान में फाल्गुन सुदी छठ 5 मार्च बुधवार को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए मासिक बस यात्रा दोपहर 1 बजे थोक फल सब्जी मंडी उदेई मोड से प्रस्थान करेगी जो शाम 5 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष महेशचंद शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी व बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल चूडी वाले ने बताया कि इस दौरान मां गुमानो यात्री निवास पर विशाल फाग महोत्सव एवं भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। जागरण में ड्रा सिस्टम से चुनरियो की लॉटरी निकाली जायेगी। यात्रा में चलने वाले भक्त संयोजक दिनेश बंसल चूडी वाले 98286730६5, सह संयोजक नरेंद्र शर्मा पप्पू गुरु 9252००3332, अध्यक्ष महेश शर्मा 8००347०755, गोपाल लाल सोनी 8००3००9399 से सर्म्पक कर सीट बुक करवा सकते है।

## सार-समाचार

### निमंत्रण कार्ड का विमोचन किया

**भरतपुर** (निस)। दानी खाटू श्याम मंदिर गांधी पार्क पर पांच दिवसीय फाग महोत्सव को लेकर रोहित महाराज ने शुभ घडी की मुहूर्त को देखते हुए निमंत्रण कार्ड का विमोचन किया गया। श्री श्याम संकीर्तन समिति के संरक्षक बृजेश अठावाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पांच दिवस चलेगा। 8 तारीख से शुरू होकर 12 तक रहेगा। इसमें अध्यक्ष विनय खंडेलवाल जयप्रकाश गोयल मनु गोयल विनोद खन्ना राजेश गुप्ता राजू मुकेश चंद अमित चौधरी भानु प्रताप महेश रविंद्र राजेंद्र गोयल देवी राम मनीष सोलंकी विजय सिंघल मनोज बंसल राजेंद्र माखन गौरव सिंह कार्यकारी सदस्य एवं एनजीओ टीम की सदस्य मजबूत रहे।

### पशु चिकित्सालय बाहन भेजने के आदेश

**भरतपुर** (निस)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जिला कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक के दौरान बहुउददेशीय पशु चिकित्सालय, लैब आदि को शहर से बाहर गढी सांवलदास गौशाला के पास शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में रविवार को गौशाला गढी सांवलदास के महन्त बाबा शिशुपाल दास विद्यार्थी ने मुख्यमंत्री के समक्ष उपस्थित होकर बहुउददेशीय पशु चिकित्सालय, लैब, वेयरहाउस आदि कार्यालयों व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय एवं भविष्य में खोले जाने वाले अन्य पशु चिकित्सा संस्थानों के लिए भूमि आवंटन के लिए सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव व पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ खुशीराम मीना उपस्थित रहे।

### समारोह आयोजित

**हिंडौन सिटी**। जयपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश गणेश राम मीणा ने ठाामीण क्षेत्रों में बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराधों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने सभी से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आ ान किया। न्यायाधीश गणेश राम मीणा हिंडौन सिटी में अभिभाषक संघ कार्यकारिणी के शपथ ठाहण समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। बयाना रोड स्थित एक कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंडौन एडीजे सुमरथ लाल ने की। कार्यक्रम में अभिभाषक संघ हिंडौन के नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। रघुवीर सिंह जाटव को अध्यक्ष, दिलीप मावई को उपाध्यक्ष और अजय पाठक को महासचिव पद की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर अभिभाषक संघ ने नवीन कोर्ट भवन के लिए बजट आवंटन, एएनआई और क्लेम कोर्ट की मांग का ज्ञापन सौंपा। न्यायाधीश ने नए कोर्ट के लिए शीघ्र बजट मंजूरी का आश्वासन दिया। समारोह में एसीजेएम प्रताप सिंह, मुंसिफ मजिस्ट्रेट संयोगिता गहलोत, अतिरिक्त मुंसिफ मजिस्ट्रेट प्रियंका मीणा और ठााम न्यायाधिकारी पूजा मीणा सहित टोडाभीम, करौली और नादौती के अभिभाषक संघ अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम में 200 से अधिक अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। एडवोकेट नरेन्द्र सिंह जादौन ने मंच संचालन किया। पुलिस ने हाईकोर्ट के न्यायाधीश गणेश राम मीणा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय सिंह ने व्यापारियों को दिया प्रशिक्षण

**सूरौठ**। जिला चिकित्सा अधिकारी करौली के निर्देशन पर व खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय सिंह व बाबूलाल द्वारा विवेकानंद विद्या मंदिर में सूरौठ कस्बे के व्यापारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया जिसमे व्यापारियों को खाने पीने की चीजों के बारे मे बताया व बेचने के बारे मे जानकारी दी जिसमे करीब 100 व्यापारियों ने हिस्सा लिया और जानकारी प्राप्त की जिसमे सभी व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन कर सर्टिफिकेट जारी किये जायेंगे जिसमे सभी किराना संघ के व्यापारियों ने हिस्सा लिया जिसमे किराना संघ के अध्यक्ष सतीश नागरिया को 2 मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि दी, किराना संघ के अध्यक्ष सतीश नागरिया के देहांत के बाद से ही ये पद पर कोई भी चुना नहीं गया जिसमे सर्वसम्मति से किराना संघ के चुनाव किये गये व किराना संघ के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया जिसमे अध्यक्ष विष्णु मित्तल व उपाध्यक्ष विनोद नागरिया को निर्विरोध चुना गया दोनों व्यापारियों का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर व्यापारी घनश्याम गोयल, बाबू सैनी, ओमी गोयल, जय नत्था सैनी, प्रभु जंगम, पिल्लू नामा, सत्यनारायण नामा,राजेश फौजी, भूपेंद्र शर्मा, निहाल सिंह, अशपाक खान, सुनील , चिंटू गोयल,आदि उपस्थिति रहे।

### आईसीएआई के अध्यक्ष सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। खंडेलवाल युवा मंडल भरतपुर द्वारा हाल ही में भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान की भरतपुर शाखा के हुए चुनाव में कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष के पद पर सीए अंकुर खंडेलवाल और उपाध्यक्ष के पद पर सीए संकल्प पीतलिया के निर्वाचित होने पर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खिरनी घाट स्थित खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का माला, साफा व दुपट्टा पहना कर स्वागत व सम्मान किया गया। संस्था के संरक्षक अमित खंडेलवाल ने कार्यक्रम में कहा कि खंडेलवाल युवा मंडल के अध्यक्ष अंकुर खंडेलवाल व वरिष्ठ सदस्य संकल्प पीतलिया के इन पदों पर निर्वाचित होने पर समाज का गौरव बढा है। हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर खंडेलवाल युवा मंडल की एक आवश्यक बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें होली मिलन समारोह आयोजित करने पर चर्चा की गई। जिसमें 7 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में खंडेलवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल रारह वाले, महामंत्री मुरारी लाल खंडेलवाल, युवा मंडल महामंत्री मनोज खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष पंकज खंडेलवाल, अंकुर गुप्ता एडवोकेट, पवन खंडेलवाल एडवोकेट, जितेंद्र लोहिया, रजत खंडेलवाल, अंकित ठाकुरिया, संजीव झालानी, शशि खंडेलवाल, राहुल खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल मल ओपीडी में दो हजार से ज्यादा से ज्यादा मरीज आए

**हिंडौन सिटी**। में मौसम के बदलते मिजाज ने स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा दिया है। जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 2000 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। मरीजों में गले में खराश, खांसी, जुकाम और बदन दर्द की शिकायतें आम हैं। बच्चों में निमोनिया के मामले भी सामने आ रहे हैं। तेज धूप, बादल और सर्द हवाओं के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। शादी के सीजन में खुले वातावरण में आना-जाना भी बीमारियों को बढ़ा रहा है। पिछले चार दिनों से बादल छाए रहने के कारण सर्दी का अहसास अधिक रहा। रविवार को मौसम साफ होने के साथ तेज धूप खिली। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉक्टर आशीष शर्मा के अनुसार, इस मौसम में खानपान का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने सलाह दी है कि फ्रिज की ठंडी चीजों से परहेज करें । आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक न लें। ठंडा और बासी भोजन न करें। बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाव कर डॉक्टर शर्मा ने बताया कि सर्द हवाओं के कारण कफ और श्वास संबंधी बीमारियां अधिक हो रही हैं।

### मूर्तियो का किया हुआ अनावरण

**गंगापुर सिटी**। श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर मिर्जापुर में रविवार को मंदिर में भागवत कथा के समापन के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले की मूर्तियों का अनावरण किया गया। आम चौरासी माली सैनी समाज और सावित्रीबाई फुले-महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने समाज में एकजुटता और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। मिर्जापुर बस्ती के लोगों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर तथा सभापति शिवरतन अग्रवाल ने धार्मिक कार्यक्रमों की निरंतरता पर जोर दिया। अतिथियों ने फुले दंपति की प्रतिमाओं का अनावरण करते हुए उनके समाज सुधार और महिला शिक्षा में योगदान को याद किया। भागवत कथा के प्रारंभ में मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। कथा वाचक स्वामी श्रीतेजेशवर महाराज ने हवन यज्ञ संपन्न करवाया। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख लोगों में राजेंद्र प्रसाद माली भोला, गिर्राजप्रसाद कोतवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित और एबीबीपी के मनोज सैनी सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।